बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-528
10/10/2023

# मुख्यमंत्री ने भीम संसद रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

पटना, 10 अक्टूबर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 01, अणे मार्ग से भीम संसद रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

भीम संसद रथ के माध्यम से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के आदर्श, विचार एवं उनके द्वारा किये गये कार्यों से लोगों को अवगत कराया जाएगा।

इस अवसर पर भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री श्री सुनील कुमार, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण मंत्री श्री रत्नेश सादा, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुशवाहा, पूर्व मंत्री श्री संतोष कुमार निराला, पूर्व विधायक श्री अरूण मांझी, बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव श्री अरविंद कुमार सहित अन्य राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

******